an>

Title: Need to provide funds for acquisition of land for Sitamarhi to Motihari via Sheohar Rail Line Project in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर) ः मैं सरकार का ध्यान अपने शिवहर संसदीय क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत नई रेल लाईन सीतामढ़ी से बापूधाम मोतीहारी वाया शिवहर की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। पूरे देश के मैदानी इलाके में मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर ही एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें एक किलोमीटर भी रेलवे लाईन नहीं है, यह क्षेत्र इतना पिछड़ा है कि कई लोगों ने अभी तक रेल गाड़ी नहीं देखी है, सुना जरूर है। बिहार का शिवहर जिला औद्योगिक, शिक्षा एवं मानवीय जीवन स्तर की दृष्टि से बहुत ही पिछड़ा है क्योंकि इस जिले में बुनियादी विकास संरचना का पूरा अभाव है जिसमें रेलवे भी एक है। इस रेल लाईन का प्राक्कलित राशि 926 करोड़ रूपए है। इस कार्य में भूमि अधिग्रहण हेतु एक अरब चौरानवे करोड़ चालीस लाख एक हजार चार सौ चोहत्तर रूपए प्रथम चरण में सीतामढ़ी से शिवहर जिला मुख्यालय जोड़ने का प्रस्ताव है। जिसमें कुल 13 मजा के भूमि खंड को भू-अर्जन नीति-2013 के तहत अधिगृहित किया जाना है। यह प्रस्ताव जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पूर्व मध्य रेलवे रक्सौल को दिया जा चुका है। यह भी उल्लेखनीय है कि 10 जून, 2016 को माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी द्वारा मोतीहारी, बिहार में रेलवे के एक कार्यक्रम में उक्त रेल लाईन निर्माण में भू-अर्जन हेतु धन की कमी न होने देने की घोषणा की गयी थी। घोषणा के आधार पर उपरोक्त रेलवे लाईन के पहले फेज में भूमि अर्जन में अनुमानित एक अरब चौरानवे करोड़ चालीस लाख एक हजार चार सौ चोहत्तर रूपए की व्यवस्था रेलवे को तत्काल करना चाहिए। इस कार्य को करने में अगर देरी की गई तो उसकी लागत में बढ़ोतरी हो जाएगी।

मैं सरकार से मांग करती हूं कि सीतामढ़ी से बापूधाम मोतीहारी वाया शिवहर नई रेल लाईन के निर्माण हेतु पहले फेज में भूमि अधिग्रहण कार्य को पूरा करने के लिए एक अरब चौरानवे करोड़ चालीस लाख एक हजार चार सौ चोहत्तर रूपए की राशि उपलब्ध करायी जाये।